तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 26 फरवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4 कटघोरा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग को टू लेन से फोर लेन करने तैयार किया जा रहा डीपीआई




## खबर संक्षेप

### सीएमएचओ ने 27 दिन में ही पलटा आदेश

**कोरबा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पताढ़ी व सरगबुंदिया में पदस्थ आरएमए का व्यवस्थागत तबादला एक-दूसरे सीएससी/पीएचसी में किए जाने और कार्यमुक्त कर देने के बाद 27 दिन के भीतर उनका पुनः पुराने कार्यस्थल पर तबादला कर दिए जाने का आदेश काफी चर्चा में बना हुआ है। जानकारी के अनुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोरबा के द्वारा 23 जनवरी को एक आदेश जारी कर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छग के अंतर्गत कार्यरत आरएमए को पीएचसी सरगबुंदिया से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पताढ़ी पदस्थ किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पताढ़ी में पदस्थ आरएमए को पीएचसी सरगबुंदिया में पदस्थ किया गया। इस तबादला आदेश के बाद 9 फरवरी को चिकित्सा अधिकारी ने इन्हें नई पदस्थापना के लिए कार्यमुक्त भी कर दिया। इसके पश्चात एक आरएमए ने नई जगह पर जॉइनिंग तो दे दी लेकिन दूसरे ने जॉइनिंग नहीं दी। आंतरिक व्यवस्थागत कारणों से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने 19 फरवरी को पुनः एक आदेश जारी कर उक्त तबादला को निरस्त करते हुए दोनों आरएमओ को उनके पूर्व पदस्थापना स्थल पर पदस्थ करते हुए तत्काल प्रभाव से जॉइनिंग करने के निर्देश दिए हैं।

### प्रशासनिक लापरवाही, कार्यपालन अभियंता पर गिरी निलंबन की गाज

**कोरबा।** प्रशासनिक लापरवाही के चलते विद्युत वितरण विभाग के कार्यपालन अभियंता पर निलंबन की गाज गिरी है और उन्हें अंबिकापुर अटैच कर दिया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक विद्युत वितरण विभाग में परियोजना में पदस्थ कार्यपालन अभियंता (ईई) जितेंद्र कुमार सिंह (परियोजना) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। सूत्र बताते हैं कि विभागीय लापरवाही सामने आने की वजह से यह गाज गिरी है। निलंबन की अवधि के दौरान जितेंद्र कुमार सिंह का मुख्यालय अंबिकापुर कार्यालय निर्धारित किया गया है।

### लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

**कोरबा।** औद्योगिक नीति 2014-19 के तहत औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य स्थायी पूंजी निवेश अनुदान से संबंधित लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समिति के सदस्य के रूप में सहायक आयुक्त, वाणिज्यिक कर विभाग कोरबा वृत्त-1 तथा लीड बैंक अधिकारी उपस्थित रहे। समिति द्वारा समीक्षा के दौरान एक प्रकरण को अनुमोदित किया गया। इसके अतिरिक्त दूसरे प्रकरण में संबंधित इकाई को बकाया जीएसटी एवं लीज़ रेंट की राशि के भुगतान हेतु 10 दिवस का अतिरिक्त समय प्रदान करते हुए प्रकरण को पुनर्विचार हेतु रखा गया है। समिति ने स्पष्ट किया है कि निर्दिष्ट अवधि में बकाया राशि का भुगतान नहीं किए जाने पर उक्त प्रकरण निरस्त कर दिया जाएगा।

### अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए अधिसूचना जारी

**कोरबा।** अग्निवीर भर्ती की अधिसूचना जारी कर दी गई है, जो भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 13 फरवरी से प्रारंभ हो गई है और आवेदन करने की अंतिम तिथि 1 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। इस अधिसूचना के तहत अग्निवीर पुरुष (जनरल ड्यूटी), अग्निवीर तकनीकी, लिपिक/ स्टोरकीपर, ट्रेडमेन दसवीं पास, ट्रेडमेन आठवीं पास, अग्निवीर महिला (सेना पुलिस), स्थायी कैडर नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट और सिपाही फार्मा के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस परीक्षा का आयोजन जुलाई, अगस्त 2026 में प्रस्तावित है।

# अनाथ बेटी का हाथ थामा विद्युत कर्मी ने, बालगृह में हुआ विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


अनाथ बच्ची बालगृह में पढ़ लिखकर बड़ी हुई तो उसे विद्युत मंडल में कार्यरत अनिल का साथ मिल गया। दोनों का विवाह वैदिक रीति रिवाज से संपन्न हुआ। इन्हें आशीर्वाद देने विभिन्न समाज के प्रतिष्ठित लोग बाल गृह परिसर पहुंचे।

कोरबा के बालगृह में रहकर जिंदगी बसर करने वाली बिंदु को सात जन्मों तक साथ निभाने वाला अनिल मिल गया। दोनों ने हिंदू रीति रिवाज से अग्नि के फेरे लिए। इससे पहले अनिल और बिंदु की सगाई व मेहंदी रस्म निभाई गई, जिसमें शहर के अन्य गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। 25 फरवरी को अनिल और बिंदु ने दांपत्य जीवन को विधि विधान के साथ स्वीकार किया। आशीर्वाद समारोह में समाज के लोगों ने पहुंचकर दोनों को आशीष दिया बाल गृह की संचालिका श्रीमती रुक्मणी नायर ने बताया कि उसके इस केंद्र में कोरबा चांपा जांजगीर और शक्ति जिले की अपेक्षित शोषण और प्रताड़ित बालिकाएं आती हैं उन्हें 18 वर्ष की उम्र तक पनाह दी जाती है। इन्हें रहने खाने पीने की व्यवस्था के साथ शिक्षा भी प्रदान की जाती है और फिर नौकरी विवाह अथवा किसी के साथ वैधानिक रूप से रहने के लिए इन्हें भेज दिया जाता है। रुक्मणी ने बताया कि उसके केंद्र में रहने वाली बालिकाओं में यह छठवीं कन्या है जिसका हम लोगों ने विवाह संपन्न कराया है रुक्मणी ने बताया की बिंदु का हाथ थामने वाला अनिल छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी में स्थाई कर्मचारी है उसने स्वयं बिंदु का चयन किया और सब ने मिलकर बिंदु को दांपत्य जीवन में प्रवेश कराया बहरहाल रुक्मणी नायर और उनकी टीम द्वारा किए गए नेक कार्य की जितने भी प्रशंसा की जाए कम है। इस स्वार्थी युग में किसी और की लख्तेजिगर की जिंदगी में खुशियों के रंग भरने के लिए बिरले लोग ही सामने आ रहे हैं। जिन लोगों ने भी इस शादी में प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से अपनी भूमिका निर्वहित की है।

### वैदिक रीति रिवाज से संपन्न हुआ विवाह

**खास बातें**

- 25 फरवरी को अनिल और बिंदु को बंधे दांपत्य जीवन में
- सामाज के लोगों ने दिया आशीर्वाद



## मामूली सर्दी बुखार के बाद जिला मेडिकल अस्पताल में किया गया था भर्ती

# उपचार के दौरान मासूम की मौत, आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में मचाया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक बार फिर गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। डॉक्टरों और स्टाफ की लापरवाही के चलते 13 महीने की एक मासूम की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि गलत इंजेक्शन लगाए जाने के बाद बच्ची की हालत बिगड़ गई और वह कोमा में चली गई, जिसके बाद उपचार के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजन धरने पर बैठ गए हैं और दोषी डॉक्टरों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करने लगे। परिजनों ने कलेक्टर से भी शिकायत दर्ज कर अस्पताल प्रबंधन से निष्पक्ष जांच और दोषी चिकित्सकों व स्टाफ पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**खास बात**

- इंजेक्शन लगाने के बाद पहले मासूम गई कोमा में, फिर हो गई मौत

उल्लेखनीय है कि जिला मेडिकल कालेज अस्पताल में एक हृदयविदारक मामला सामने आया है। जिला अस्पताल कोरबा में इलाज के दौरान 13 माह की मासूम बच्ची की मौत हो गई। घटना के बाद अस्पताल परिसर में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई और परिजनों ने डॉक्टरों व स्टाफ पर इलाज के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। जिले के बरमपुर निवासी प्रियंका केवट अपने पति संजू केवट के साथ अपनी 13 माह की पुत्री को निमोनिया और मामूली सर्दी-खांसी के इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची थीं। परिजनों का आरोप है कि जांच के बाद डॉक्टरों ने बच्ची को भाप देने की बात कही और इसके लिए उसके हाथ में कैनुला लगाया गया। उपचार के दौरान ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों और स्टाफ ने इंजेक्शन लगाया, जिसके कुछ ही समय बाद बच्ची की तबीयत बिगड़ने लगी। हालत गंभीर होने पर उसे आईसीयू में रखा गया लेकिन मंगलवार की रात बच्ची ने दम तोड़ दिया। घटना से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि जिला मेडिकल कॉलेज में अधिकांश इलाज ट्रेनी डॉक्टरों और अप्रशिक्षित स्टाफ के भरोसे किया जा रहा है, जिससे मरीजों की जान जोखिम में पड़ रही है। वहीं प्रदर्शन के दौरान परिजनों ने अस्पताल के अधीक्षक गोपाल कंवर को घेर लिया। भीड़ को देखकर अधीक्षक अपने केबिन की ओर भाग गए, जिसके बाद गुस्साए लोग गेट के सामने बैठकर धरने पर बैठ गए। परिजनों का कहना है कि जब तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक वे मासूम का पोस्टमार्टम नहीं कराएंगे। घंटों तक आक्रोशित परिजन मेडिकल कालेज अस्पताल के मुख्यद्वार पर धरना प्रदर्शन करते रहे। आखिरकार प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और आक्रोशित परिजनों को समझाइश देने का प्रयास शुरु किया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद आक्रोशित परिजन शांत हुए। हालांकि उन्होंने मामले की शिकायत कलेक्टर से करते हुए दोषी चिकित्सकों व स्टाफ पर कार्यवाही की मांग की है। प्रशासन ने मामले की निष्पक्ष जांच व दोषी कर्मी पर कार्यवाही की बात कही है।



दोषी चिकित्सक व स्टाफ की कार्यवाही की मांग को लेकर हंगामा मचाते मासूम के परिजन व अन्य।



मृत मासूम

### अस्पताल के मुख्य द्वार पर किया धरना प्रदर्शन

बच्ची की मौत से आक्रोशित परिजन और स्थानीय लोग मेडिकल कॉलेज के मुख्य गेट पर धरने पर बैठ गए। बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने मेडिकल कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जिम्मेदार डॉक्टरों व स्टाफ पर सख्त कार्रवाई की मांग की। अपनी इकलौती बच्ची को खो चुके माता-पिता अस्पताल गेट पर ही डटे रहे। परिजनों का कहना था कि जब तक दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होती, उनका विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद मेडिकल कॉलेज का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी उनसे मिलने नहीं पहुंचा। यहां तक कि फोन कॉल तक रिसीव नहीं किए गए। इससे प्रबंधन की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। विरोध की सूचना मिलने पर प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों से चर्चा की। हालांकि परिजन मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। आखिरकार प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्यवाही का आश्वासन दिया जिसके पश्चात परिजन मृत बच्ची के पोस्टमार्टम के लिए राजी हुए।

### मना करने पर भी लगाया गया इंजेक्शन

मृत बच्ची की नानी अमृता निषाद ने बताया कि 20 फरवरी को मेरी नातिन को सर्दी-बुखार की शिकायत पर जिला अस्पताल लाया गया था। डॉक्टर को दिखाने पर पहले मसाज और भाप देने की सलाह दी गई। बार-बार अस्पताल आने-जाने में परेशानी होने के कारण बच्ची को भर्ती करा दिया गया। भर्ती के दौरान जब इंजेक्शन लगाया जा रहा था, तब बच्ची बहुत ज्यादा रोने लगी। बच्ची की मां ने स्टाफ से कहा कि पहले बच्ची को शांत होने दें, फिर इंजेक्शन लगाएं, लेकिन स्टाफ ने बात नहीं मानी। इंजेक्शन लगाने वाली मेडिकल कॉलेज की छात्रा लग रही थी, जो डरी हुई थी। बच्ची की मां ने इंजेक्शन नहीं लगाने की बात कही, लेकिन फिर भी इंजेक्शन लगा दिया गया। इंजेक्शन लगते ही बच्ची की हालत अचानक बिगड़ गई, उसकी सांस अटकने लगी और वह तुरंत कोमा में चली गई। इसके बाद डॉक्टरों को बुलाया गया और आपात स्थिति में इलाज शुरू किया गया। बच्ची उस दिन 20 फरवरी से कोमा में रही लेकिन इलाज का कोई असर नहीं हुआ और 24 फरवरी की रात करीब 9:30 बजे डॉक्टरों ने बच्ची की मौत की जानकारी दी।

# विश्व की टॉप कोल माइंस में शुमार होगा एसईसीएल गेवरा



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नए वित्तीय वर्ष में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की गेवरा खदान नया इतिहास लिख सकती है। माइंस के उत्पादन का आंकड़ा 63 मिलियन टन पर पहुंच जाएगा, जो दुनिया में सबसे अधिक होगा। एसईसीएल प्रबंधन इसकी तैयारी में है कि 2026-27 में गेवरा खदान का उत्पादन 63 मिलियन टन तक पहुंच सके। चालू वित्तीय वर्ष में गेवरा खदान का उत्पादन लक्ष्य 63 मिलियन टन है, लेकिन खदान अपने उत्पादन लक्ष्य से पिछे चल रही है। माना जा रहा है कि मार्च अंत तक उत्पादन का आंकड़ा 56 मिलियन टन तक ही पहुंच सकेगा। 2024-25 में भी 63 मिलियन टन के टारगेट के मुकाबले 56 मिलियन टन उत्पादन दर्ज हुआ था। इसके पहले 2023-24 में गेवरा खदान ने 59.11 मिलियन टन के कोयला उत्पादन को छुआ था। 2026- 27 में गेवरा का उत्पादन 63 मिलियन टन के आंकड़े पर पहुंचता है तो यह खदान पूरे विश्व में टॉप पर आ जाएगी। प्रबंधन के अनुसार गेवरा को दुनिया नम्बर एक खदान बनाने के लिए कंपनी के पास सभी जरूरी रिसोर्स जमीन, मशीनरी, मैनपावर और कस्टमर मौजूद है। वर्तमान में यूएस की ब्लैक थंडर माइंस दुनिया की सबसे बड़ी कोयला खदान है, जिसका उत्पादन 61- 62 मिलियन टन है। एसईसीएल की गेवरा खदान की क्षमता बढ़ाकर 70 मिलियन टन सालाना करने की है। इसके लिए पहले ही एनवायरनमेंटल क्लियरेंस मिल चुका है।

# युवक की फंदे में मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रामसागरपारा निवासी कमलेश कश्यप 30 वर्ष पिता मूलचंद कश्यप रोजी मजदूरी का काम करता था। मंगलवार की रात को उसने अपने घर में फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। जब घर के सदस्यों की नजर उसके लटकते हुए शव पर पड़ी तो उनके होश उड़ गए और आनन फानन में उसे नीचे उतारकर उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। कमलेश ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गेवरा-दीपका से आवाजाही करने वाले लोगों के लिए कराया गया है अंडरब्रिज का निर्माण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गेवरा-दीपका से आवाजाही करने वाले लोगों के लिए अंडरब्रिज मार्ग से आवागमन शुरू हो गया है। जिससे कोरबा की ओर से कुसमुंडा, गेवरा, दीपका आने जाने वालों को बड़ी राहत मिली है। हालांकि सूचक नहीं होने से वाहन चालकों को जरूर परेशानी हो रही है।

कोरबा-कुसमुंडा से गेवरा दीपका को जोड़ने वाले मार्ग में एक बड़ा बदलाव हुआ है। यहां कुचेना मोड के पास एनटीपीसी पुल के नीचे रेल लाइन दोहरीकरण का कार्य हो रहा है। जिस वजह से अब गेवरा-दीपका से आवाजाही करने वाले लोगों के लिए अंडरब्रिज का निर्माण कराया जा रहा था जो कि लगभग पूर्ण हो चुका है। यहां अब डामरीकरण कार्य भी शुरू हो चुका है। बताया जा रहा है कि मार्ग को आम लोगों के लिए खोल दिया गया है। मार्ग के खुलते ही एनटीपीसी पुल के नीचे रेल दोहरीकरण का कार्य भी युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है। गेवरा दीपका की ओर से आते समय वाहन ग्राम कुचेना के बाद सीधे अंडरब्रिज में प्रवेश करेंगे और प्रेम नगर कुसमुंडा मुख्य मार्ग पर एनटीपीसी पुल के नीचे मिलेंगे, यहां पर तीन सड़क एक ही स्थान पर मिल रहे है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। वहीं अंडर ब्रिज के अंदर एक अंधा मोड है, जहां वाहन चालकों को स्वयं संभल कर चलना होगा। मार्ग के बनने के बाद भी पुराने मार्ग को बंद करने का सूचक नहीं लगाया गया है, जिससे कोरबा-कुसमुंडा की ओर से आने वाले लोगों को बड़ी असुविधा हो रही है। कई टीपर रोड की ओर चल पड़ रहे है। वहीं कई लोग वापस लौट रहे हैं। संबंधित विभाग को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। हालांकि बायपास मार्ग के बन जाने और आवागमन व्यवस्थित हो जाने से लोगों को अब रेल लाइन क्रॉस करने से बचते हुए बड़ी राहत की उम्मीद है।

### नेशनल लोक अदालत के लिए हुई बैठक

**कोरबा।** नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में जिला न्यायालय तहसील विधिक सेवा समितियाँ कटघोरा, करतला एवं पाली तथा समस्त राजस्व न्यायालयों में भी नेशनल लोक अदालत का आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा। आगामी लोक अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, बैंक संबंधी मामलों, लिखत पराक्रम्य अधिनियम की धारा 138 से संबंधित प्रकरणों, वसूली के प्रकरणों, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों तथा अन्य व्यवहार वादों को शामिल किया जाएगा। विशेष रूप से पाँच से दस वर्ष से अधिक समय से लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर समझौता हेतु प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# छात्रों को कराया गया कोसाबाड़ी नर्सरी का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय हाई स्कूल पोड़ीबहार (इको क्लब) के बच्चों को कोरबा वन मण्डल के कोसाबाड़ी नर्सरी का दौरा कराया गया। जिसमें बच्चों को नर्सरी में बीजों से पौधों की तैयारी से लेकर वनों में रोपण प्रक्रिया का संक्षिप्त जानकारी दिया गया। साथ ही विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधे की जानकारी दिया गया। साथ ही पेड़ों के महत्व को बताया गया, इसके पश्चात तितली, पक्षी एवं वन्य जीवों के महत्व को बताया गया।



## श्याम मित्र मंडल की प्रेसवार्ता

# श्याम मंदिर में फागुन उत्सव की रहेगी धूम, निकलेगी निशान यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा दो दिवसीय श्री श्याम फाल्गुन एवं होली महोत्सव का आयोजन 26 व 27 फरवरी को श्री श्याम मंदिर मिशन रोड में किया जा रहा है। इस अवसर पर श्री श्याम फाल्गुन निशान यात्रा एवं विशाल भजन संकीर्तन जैसे दिव्य धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होंगे।

फाल्गुन माह के पावन अवसर पर 26 फरवरीको बाबा श्याम की भव्य फाल्गुन निशान यात्रा श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ निकाली जाएगी। निशान यात्रा का शुभारंभ शारदा विहार स्थित सत्यानारायण अग्रवाल के निवास स्थान से होगा, जो पावर हाउस रोड होते हुए श्याम मंदिर, मिशन रोड, कोरबा पहुँचेगी। यात्रा में सैकड़ों श्याम भक्त हाथों में पावन ध्वज (निशान) लेकर बाबा के जयकारों के साथ सम्मिलित होंगे। बाबा श्याम को निशान अर्पित करने की परंपरा लगभग 378 वर्ष पूर्व राजस्थान के सूरजगढ़ ग्राम से प्रारंभ हुई थी। उसी पावन परंपरा का निर्वहन करते हुए कोरबा में भी भक्तगण अपनी मनोकामनाओं के साथ श्रद्धापूर्वक बाबा के चरणों में निशान अर्पित करेंगे। समिति के सदस्यों ने बताया कि जिले में प्रथम बार कोलकाता की प्रसिद्ध रंग रसिया ग्रुप द्वारा भव्य चंग धमाल प्रस्तुति। लाइव भजन संकीर्तन की रसधारा। पुष्प एवं गुलाल वर्षा एवं श्याम दरबार की आकर्षक सज्जा। विशाल भजन संध्या एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। फाल्गुन आमलकी एकादशी के पावन अवसर पर श्याम मंदिर में बाबा श्याम का मनोहारी एवं अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा तथा सम्पूर्ण मंदिर परिसर को पुष्पों से सुसज्जित किया जाएगा। इस अवसर पर दिल्ली के सुप्रसिद्ध भजन गायक भविष्य सीकरी द्वारा मधुर श्याम भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। भजनों एवं धमाल की सुरमयी प्रस्तुति से सम्पूर्ण वातावरण फाल्गुन उत्सव के रंग में रंग जाएगा।




प्रेसवार्ता को संबोधित करते श्याम मित्र मंडल के सदस्य।

## खबर संक्षेप

### जेल में बंद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**बिलासपुर।** जेल में बंद आरोपी के खिलाफ एक और नौकरी लगाने के नाम 1.50 लाख रुपए धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। मस्तूरी पुलिस के अनुसार, मस्तूरी निवासी मनीष राठौर पिता नारायण राठौर ने रिपोर्ट लिखाई। 15 जून 2023 को उसने नौकरी लगाने के नाम पर मुलमुला छेडोलिया निवासी राजा भैया लहरे को 1.50 लाख रुपए दिया था। नौकरी नहीं लगने पर वह पैसा वापस मांगने उसके घर गया तो वह घर छोड़कर भाग गया था। पिछले दिनों उन्हें पता चला कि हिर्री थाना के मामले में नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में राजा भैया लहरे जेल में बंद है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर राजा भैया लहरे के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### जमीन का पैसा मांगने पर बहन को भाइयों ने पीटा

**बिलासपुर।** अपने हिस्से की जमीन का पैसा मांगने पर बहन के साथ भाइयों ने गाली गलौज करते हुए जमकर मारपीट कर दी है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, जोंकी निवासी रूकमणी साहू पति अवगराम साहू अपने भाईयों के साथ मायके में अलग रहती है। 8 फरवरी को सुबह 11 बजे वह भाइयों के पास अपने हिस्से के जमीन के बेचे हुए रकम को मांगने गई थी। इसी बात को लेकर उनके भाई भुनेश्वर साहू, भरत साहू व भाई बहू दिव्या ने गाली गलौज करते हुए जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने रूकमणी की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115, 2, 351, 3, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### 8 साल की बच्ची से छेड़खानी आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** मोबाइल में अश्लील वीडियो दिखाकर 8 साल की बच्ची से छेड़खानी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में रहने वाली एक महिला पति की मृत्यु के बाद अपनी 8 साल 5 माह के बेटी के साथ रह रही है। उनके घर में परिचित घुरू निवासी ड्राइवर ओंकार केनार पिता चुन्नीलाल केनार 38 साल का आना जाना था। मां की अनुपस्थिति में ओंकार बच्ची के साथ छेड़खानी करते रहता था। डर से बच्ची घटना के संबंध में अपनी मां को नहीं बता रही थी। पिछले दिनों ओंकार केनार बच्ची को अपने मोबाइल में अश्लील वीडियो दिखाकर छेड़खानी करने लगा। उसके बाद बच्ची ने घटना की जानकारी अपनी मां को बताई। महिला अपनी बच्ची को लेकर रिपोर्ट लिखाने थाने आई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर आरोपी ओंकार केनार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### नेहरू चौक ट्रैफिक सिग्नल में पैसा मांगने वाले दो किन्नर गिरफ्तार

**बिलासपुर।** नेहरू चौक ट्रैफिक सिग्नल में ताली बजाकर पैसा मांगकर वाहन सवार महिला पुरूष को परेशान करने वाले दो किन्नरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन टीआई एसआर साहू को शिकायत मिली, नेहरू चौक ट्रैफिक सिग्नल में दो किन्नर खड़े होकर रेड लाइट होने पर खड़े होने वाले वाहन सवार महिला व पुरूष को ताली बजाकर परेशान करते हुए पैसा मांग रहे हैं। श्री साहू ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए नेहरू चौक में जाकर वाहन सवारों से पैसा मांगते किन्नर जूली चौधरी रजिया किन्नर 36 साल, नफीसा खातून गुरू रजिया 25 साल को पकडकर बीएनएस की प्रतिबंधात्मक धारा 170 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है।

आईडी बनाने में जिला अंतिम पायदानों में एक

साल भर में अभी तक 4 लाख 4139 बच्चों में से सिर्फ 2 लाख 61 हजार छात्रों की ही आईडी बनी

# डेढ़ लाख बच्चों की अपार आईडी अभी तक नहीं बन सकी, 1200 स्कूलों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर जिला अपार आईडी बनाने में पिछड़ रहा है। साल भर बीतने को है, लेकिन अभी तक कुल 4 लाख 4139 बच्चों में से सिर्फ 2 लाख 61 हजार छात्रों की ही आईडी बन सकी है। एक लाख 43 हजार बच्चों की आईडी बनाने की चुनौती है। लापरवाही और देरी के मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के 1200 अधिक निजी और सरकारी स्कूलों को नोटिस भी जारी किया गया है। अब लेकिन शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत पढ़ने वाले छात्रों की अपार आईडी को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने नया आदेश जारी किया है। जिसका अब विरोध शुरू हो गया है। लोक शिक्षण संचालनालय ने कहा है कि आरटीई के तहत पढ़ रहे बच्चों की फीस की प्रतिपूर्ति (जो सरकार स्कूलों को देती है) तभी मिलेगी, जब हर बच्चे की अपार आईडी बनी हो और पोर्टल पर उसका मिलान हो जाए।

छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने इस फैसले का विरोध करते हुए कहा कि, यह आदेश व्यवहारिक नहीं है और आरटीई की मूल भावना के विपरीत है। प्राइवेट स्कूलों के मुताबिक, प्रदेश में अब तक अपार आईडी शत-प्रतिशत नहीं बन पाई है। ऐसे में प्रतिपूर्ति राशि को पूरी तरह अपार आईडी से जोड़ना त्रुटिपूर्ण है। स्कूलों का तर्क है कि, अपार आईडी बनवाना केवल स्कूल के कार्यक्षेत्र में नहीं आता, बल्कि इसमें अभिभावकों की सहमति और सहयोग सबसे अहम है।

### पहली से 12 वीं तक के छात्रों की रहेगी कुंडली

फिलहाल देखा जाए तो प्रदेश में अपार आईडी बनाने में बिलासपुर जिला अंतिम पायदानों में से है। प्रदेश स्तर से इस संबंध में जवाब भी मांगा गया है। गौरतलब है कि छात्रों की कुंडली बनाने के लिए शासन स्तर से नई योजना बनाई है। जिसमें स्कूलों में कक्षा पहली से 12 वीं तक प्रत्येक छात्रों की अपार आईडी बनाना है। अपार आईडी एक डिजिटल आईडी कार्ड है। जिसमें छात्रों के शैक्षणिक रिकार्ड के एक स्थान में अपलोड कर सुरक्षित रखना है। इस योजना में प्री प्राइमरी से लेकर उच्च शिक्षा तक की जानकारी अपडेट रखना है। इसके तहत प्रत्येक छात्रों का आधार कार्ड से जोड़कर छात्रों की मार्कशीट, डिग्री, सर्टिफिकेट और अन्य जानकारी अपडेट रखना है। डीईओ विजय तांडे ने बताया कि अपार आईडी बनाने में कई तरह की व्यावहारिक दिक्कतें सामने आ रही है।




### चर्चा की जा रही है

अपार आईडी बनाने में कई तरह की व्यावहारिक दिक्कतें सामने आ रही हैं। स्कूलों को भी लापरवाही के मामले में नोटिस जारी किया गया है। प्रत्येक छात्रों का आधार कार्ड से जोड़कर छात्रों की मार्कशीट, डिग्री, सर्टिफिकेट और अन्य जानकारी अपडेट रखना है। आरटीई के संबंध में जारी नए आदेश के बारे में डीपीआई से चर्चा की जा रही है।

\- विजय तांडे
जिला शिक्षा अधिकारी

### इस तरह की आ रही दिक्कतें

अपार आईडी बनाने के लिए शहर सहित ग्रामीण अंचलों में कई तरह की व्यावहारिक दिक्कतें सामने आ रही है। अशिक्षा कहें या अज्ञानता आज के दौर में भी कई अभिभावक अपने बेटों या बेटियों का जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनवा पाए हैं। इसके अलावा कई छात्रों का अब तक आधार कार्ड नहीं बन पाया है। कई छात्रों के आधार कार्ड में नाम या जन्मतिथि जैसी गलतियां हैं, एक ही मोबाइल नंबर से बहुत सारे छात्रों का पंजीकरण करा लिया गया है। अभिभावकों द्वारा आधार लिंकिंग में देरी के कारण सबसे अधिक परेशानी हो रही है। स्कूल स्तर पर सत्यापन में विलंब होने के कारण छात्रों की आईडी में देरी। लॉगिन की समस्या के कारण अपार आईडी डिजीलाकर में दिखाई नहीं दे रही है।

### प्राइवेट स्कूलों ने गिनाई तीन बड़ी समस्या

इस बारे में निजी स्कूलों का कहना है कि प्रदेश में अभी सभी बच्चों की अपार आईडी बनी ही नहीं है। यानी 100% बच्चों का डेटा तैयार नहीं है। ऐसे में सरकार अगर कहती है कि "पहले अपार आईडी, फिर पैसा", तो ये आरटीई कानून की भावना के खिलाफ माना जा रहा है। इसके साथ ही अपार आईडी के लिए माता-पिता की सहमति जरूरी होती है। कई अभिभावक ऐसे हैं जो अब तक सहमति पत्र ही नहीं दे रहे। स्कूल इन बच्चों की लिस्ट बनाकर नोडल अधिकारी और जिला शिक्षा अधिकारी को भेज भी रहे हैं, फिर भी उन्हें जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। साथ ही कई बच्चों के नाम और जन्मतिथि स्कूल के रिकॉर्ड और आधार कार्ड में अलग-अलग हैं। जब तक यह सुधार नहीं होता, अपार आईडी बन ही नहीं सकती। निजी स्कूलों की मांग है कि जो बच्चे पहले से आरटीई पोर्टल में पंजीकृत हैं और स्कूलों में पढ़ रहे हैं, उन्हें इस नए नियम से बाहर रखा जाए। यानी उनके लिए प्रतिपूर्ति न रोकी जाए।

अवैध कब्जों पर चला बुलडोजर, दुकानदारों को दी गई चेतावनी

# हेमू कालानी चौक से नया बस स्टैंड तक पांचवां ट्रैफिक वायलेशन फ्री जोन



बुधवार को संयुक्त अभियान चलाते नगर निगम व ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी।

### आज भी हेमू कालोनी चौक से चलेगा अभियान

गुरुवार को भी हेमू कालानी चौक से लेकर नया बस स्टैंड तक ट्रैफिक वायलेशन फ्री जोन बनाए जाने हेतु सघन एवं सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसकी सूचना समस्त दुकान संचालकों को अनाउंसमेंट के माध्यम से दी गई है इसके बावजूद भी अगर उनके द्वारा निर्धारित जगहों को नजरअंदाज करते हुए अनावश्यक रूप से सार्वजनिक आवागमन के मार्ग को बाधित करने या संकीर्ण करने या अवरोध उत्पन्न करने का लापरवाही की जाएगी उन पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे, डीएसपी शिव चरण परिहार, सम्बन्धित नगर निगम के जोन कमिश्नर, टैंगो अभय खलखों, प्रधान आरक्षक धनसिंह, कुशल कौशिक, अन्य पुलिस स्टाफ एवं नगर निगम के स्टॉफ की विशेष एवं उल्लेखनीय भूमिका रही।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में आवागमन बाधित होने और लगातार लग रहे जाम से राहत दिलाने के लिए नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस ने बुधवार को संयुक्त अभियान चलाया। अभियान के दौरान सड़क किनारे दुकानों के सामने किए गए अतिक्रमण को बुलडोजर से हटाया गया। साथ ही अवैध कब्जा करने वाले व्यापारियों पर भी कार्रवाई की गई।

शहर के अग्रसेन चौक से पुराना बस स्टैंड, श्रीकांत वर्मा मार्ग और महाराणा प्रताप चौक से नेहरू चौक तक के क्षेत्रों को पहले ही ट्रैफिक वायलेशन फ्री जोन घोषित किया जा चुका है। इन इलाकों में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर बिना किसी रियायत के कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही पांचवा सेक्टर घोषित कर हेमू कालानी चौक से नया बस स्टैंड तक अतिक्रमण कर दुकान संचालकों के द्वारा फुटपाथ पर अनावश्यक अवरोध उत्पन्न किए गए हैं उन्हें खाली करने कहा गया। निगम के मुताबिक पूर्व निर्धारित सेक्टर के अलावा अन्य जगहों पर सेक्टर निर्धारित करके की कार्रवाई की जा रही है। अभी तक 5 सेक्टरों को ट्रैफिक वायलेशन फ्री जोन बनाया जा चुका है और आगे भी काम जारी है। इसमें पीपीपी मॉडल पर हो रही सभी सेक्टर में सुगम आवागमन हेतु विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक यह अभियान सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत चलाया जा रहा है। अभियान के चौथे सेक्टर के रूप में तालापारा स्थित मगरपारा चौक से भारतीय नगर चौक तक की सड़क को शामिल किया गया है। यहां पुलिस, जिला प्रशासन और नगर निगम के समन्वय से अवैध अतिक्रमण, बैनर, पोस्टर, फ्लेक्स और होर्डिंग हटाए गए।

### अवैध और अतिरिक्त निर्माण कार्य पर चलेगा बुलडोजर

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल करियारे ने बताया कि सेक्टरों लगातार कार्रवाई करते हुए आम नागरिकों को ट्रेफिक वायलेशन फ्री जोन के संबंध में बताया जा रहा है। अवैध और अतिरिक्त संरचना या निर्माण कार्य को डिस्मेंटल करते हुए कार्रवाई की बार-बार चेतावनी भी दी जा रही है। इसके बावजूद भी कई दुकानदार निर्देशों का उल्लंघन कर मुख्य मार्गों पर कब्जा कर रहे हैं। इन्हें भी कड़ी चेतावनी दी गई है। इसी क्रम में पूर्व चार सेक्टर के अलावा क्रमशः नवीन 5 वाँ सेक्टर घोषित कर हेमू कालानी चौक से नया बस स्टैंड तक अतिक्रमण कर दुकान संचालकों के द्वारा फुटपाथ पर अनावश्यक अवरोध उत्पन्न किए गए हैं जिन्हें तत्काल ही अतिक्रमण मुक्त किए जाने हेतु संदेश प्रसारित की गई।

## कार से बस फिर एक अन्य कार को टक्कर मारकर भागने की कोशिश, 3 युवक गिरफ्तार





### परसदा व रामला के सामने हुआ हादसा, कार व थान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नशे में घूम रहे कार सवार दो युवकों ने पहले बस को टक्कर मारी, उसके बाद एक अन्य कार को टक्कर मार दी, जिससे लोगों ने कार सवार दोनों युवकों को पकड़कर जमकर पिटाई शुरू कर दी, इसी दौरान उनका दोस्त दूसरी कार लेकर आया और दोनों युवक उसके साथ भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर कार सहित तीनों युवकों को पकड़ लिया है, कार की तलाशी लेने पर 3 नग चाकू मिला है। पुलिस ने तीनों युवकों को गिरफ्तार कर वाहनों को जब्त कर लिया है।

सकरी टीआई विजय चौधरी ने बताया कि 25 फरवरी की शाम 4 बजे स्विप्ट कार क्रमांक सीजी 10 बीआर, 8085 में सवार दो युवकों ने नशे में परसदा के पास यात्री को टक्कर मार दी। उसके बाद दोनों युवक कार से भाग निकले। आगे जाकर दोनों युवकों ने रामालाइफ सिटी के पास एक बलेनो कार को टक्कर मार दी। लोगों ने कार सहित दोनों युवकों को पकड़ लिया। दोनों युवकों के नशे में होने पर लोगों ने उनकी जमकर पिटाई कर दी।

### दूसरी कार से भागे

सूचना पर पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंचकर लोगों से दोनों युवकों को छुड़ा रही थी। इसी दौरान दूसरी कार महिंद्रा थार क्रमांक सीजी 10 बीडब्ल्यू 6664 से एक युवक आकर रूका। दोनों कार सवार युवक उसमें बैठकर आसमा सिटी होते हुए भागने लगे। पेट्रोलिंग पार्टी थार के पीछे लग गई। मेंड्रा रोड में कार खराब होने से तीनों युवक उससे उतरकर दौड़ने लगे। पुलिस ने पीछा करते हुए शैलेन्द्र उर्फ मोनू सिंह पिता प्रताप सिंह 33 साल कालिका नगर तिफरा, राहुल तिवारी पिता राजेश तिवारी 26 साल उसलापुर, ईशांत सिंह पिता बी एलमण्डलोई 24 साल रामालाइफ सिटी निवासी को पकड़ लिया। थार की तलाशी लेने पर तीन नग चाकू मिला। पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्ट व मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत तीनों युवकों को गिरफ्तार कर थान व कार जब्त कर लिया है।

## हत्या का फरार आरोपी 55 मिनट में किया गया गिरफ्तार

**बिलासपुर।** रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने सूचना मिलने के बाद 55 मिनट के अंदर हत्या के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरपीएफ विभाग की ओर से आपरेशन रेल प्रहरी अभियान चलाया जा रहा है।

यह अभियान राज्य पुलिस एवं अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ सतत समन्वय एवं सूचनाओं के अदान प्रदान के माध्यम से ट्रेन व स्टेशन परिसर में होने वाले गंभीर अपराध की रोकथाम एवं आरोपियों की धरपकड़ के लिए किया जा रहा है। इस अभियान के तहत आरपीएफ की टीम को सूचना मिली कि ग्राम बाकल थाना लालबाग राजनांदगांव में दर्ज हत्या प्रकरण का एक आरोपी फरार हो गया है, जिसके ट्रेन से जाने की आशंका है। सूचना मिलते ही मंडल टास्क टीम तथा अपराध गुप्तचर शाखा सीआईबी को आरोपी के हुलिए एवं उपलब्ध फोटोग्राफ के आधार पर खोजबीन एवं सघन जांच के निर्देश दिए गए। निरीक्षक एनपी पाण्डेय के नेतृत्व में मंडल टास्क टीम, रेसुब पोस्ट एवं सीआईबी के बल सदस्यों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रात 11.45 बजे 68862 झारसुगुड़ा से गोंदिया के बीच चलने वाली जेडी पैसेंजर में सघन जांच की। जांच के दौरान बाकल थाना लालबाग राजनांदगांव निवासी आरोपी उदय उर्फ राज सिन्हा 22 वर्ष को पूछताछ एवं पहचान के बाद तत्काल ट्रेन से उतारकर उच्चाधिकारियों एवं संबंधित पुलिस को सूचना दी गई। पकड़े गए आरोपी को भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के अंतर्गत आगे की विधिक कार्रवाई हेतु बाघनदी थाना प्रभारी को विधिवत सुपुर्द किया गया।

### बुजुर्ग से 3 तोला सोने की चेन व अंगूठी की ठगी

**बिलासपुर।** फर्जी क्राइम ब्रांच के सिपाही बनकर बाइक सवार दो युवकों ने लूट की वारदात होने का भय दिखाकर एक बुजुर्ग से 3 तोला सोने की चेन, अंगूठी ठगी कर कागज की पुड़िया में पत्थर थमा दिया और भाग गए। पुलिस ने मामले में अपराध कायम कर लिया है। सिविल लाइन थाना के एसआई अमृत साहू ने बताया, रूखमणी विहार निवासी हरिकिशन पटेल 66 साल का बेटा लिंक रोड में किराना दुकान चलाता है। 25 फरवरी की दोहपर 2.30 बजे वे बेटे को टिफिन देने के लिए दुकान गए थे। टिफिन देने के बाद स्कूटी से घर लौट रहे थे। समता कालोनी के पास उनकी स्कूटी को ओवरटेक करते हुए बाइक सवारों ने रोका, इन्होंने खुद को क्राइम ब्रांच के पुलिसकर्मी बताते हुए कहा शहर बहुत लूट की वारदात हो रही है। दूसरे युवक को एक झापड़ मारकर सोने की चेन उतरवाकर उसे थमा दिया। उसके बाद उक्त बाइक सवार युवक चला गया। उसके बाद दोनों युवकों ने श्री पटेल को ट्रैफिक सिग्नल तोड़ने की बात कहते हुए उनसे भी कहा शहर में बहुत लूट हो रही है। सोने के जेवर पहनकर मत घूमो। उन्होंने उनके से 3 तोला सोने की चेन व अंगूठी निकलवाकर एक कागज में रख दिया। उसके बाद उनकी आंखों में धूल झोंकते हुए दूसरी कागज की पुड़िया उन्हें थमाकर घर जाकर खोलने कहा और दोनों बाइक सवार चले गए।

## जंगल में लकड़ी लेने गई अधेड़ महिला को नर हाथियों ने कुचलकर मारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/मैनपाट

- सीमावर्ती कापू जंगल में मंगलवार की घटना
- चरवाहों की सूचना पर दूसरे दिन बरामद हुई लाश
- पांच दिन पूर्व से जंगल में मौजूद हैं तीन नर हाथी

जंगल में जलावन के लिए लकड़ी लेने गई महिला का हाथियों से सामना हो गया। हाथियों ने महिला को कुचल दिया जिस से घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। महिला को मौक के घाट उतारने के बाद भी हाथी लाश को अपने पैरों से फुटबाल की तरह इधर-उधर फेंकते रहे तथा अंगों को सूंड़ से अलग कर इधर-उधर बिखेर दिया।

मैनपाट के सीमावर्ती कापू जंगल में लम्बे समय से सक्रिय 9 हाथियों के दल के अन्यत्र जाने से पिछले तीन महीनों से हाथियों की तोड़फोड़ से राहत मिल गई थी। दल के अन्यत्र जाने के बाद लम्बे समय से एक दंतैल अकेले भ्रमण कर रहा था। पांच दिन पूर्व जशपुर एवं पत्थलगांव जंगल की ओर से पहुंचे दो नर हाथियों के आपस में मिलने के बाद हाथी आक्रामक हो गए हैं। दो दिन पूर्व तीनों दंतैल सीमावर्ती पहाड़ी चढ़कर ग्राम पंचायत बरिमा अंतर्गत पकरीपारा बस्ती के निकट पुहंच गए थे। सूचना पर वनकर्मियों ने गजराज वाहन की मदद से खदेड़ दिया था। इस घटना के बाद वनकर्मी रात में नियमित गजराज वाहन से सीमावर्ती क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के साथ ही प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को जागरूक कर रहे हैं। इधर सीमावर्ती कापू जंगल में हाथियों की मौजूदगी से अनजान बरिमा पकरीपारा निवासी एतवारी पति सांझू माझी (65 वर्ष) मंगलवार को सुबह 11 बजे लकड़ी लेने कापू जंगल की ओर गई थी। महिला मैनपाट की सीमा से 3 किमी दूर कापू जंगल आरएफ 19 स्थित बांस प्लांटेशन के पास पहुंच गई। इस दौरान बांस रोपणी में मौजूद हाथियों ने महिला पर हमला कर दिया।



### 9 हाथियों का दल ओड़िसा चला गया

लम्बे समय से मैनपाट के सीमावर्ती कापू जंगल में सक्रिय 9 सदस्यीय हाथियों का दल तीन महीने पूर्व ही उड़ीसा प्रवास पर चला गया है। हाथी हर साल ठंड के मौसम में उड़ीसा चले जाते हैं तथा गर्मी का मौसम शुरू होते ही वापस कापू जंगल लौट आते हैं तथा दिसम्बर तक मौजूद रहते हैं। इस बार हाथी समय पूर्व ही उड़ीसा प्रवास पर रवाना हो गए हैं। हाथियों की इस बार की प्रवास अवधि लम्बी होने का अनुमान लगाया जा रहा है। हाथियों का दल कभी भी पहाड़ी चढ़कर सीमावर्ती गांवों में पहुंच जाता था तथा घरों में लगातार तोड़फोड़ मचाता था।

### आक्रामक हैं हाथियों का दल

लम्बे समय से दल से अलग होकर एकाकी जीवन गुजारने के कारण नर हाथियों का दल काफी आक्रामक हो गया है। पूर्व में तीनों दंतैल अलग-अलग वनों में अकेले घूम रहे थे तथा घरों में तोड़फोड़ भी मचा रहे थे। एक साथ मिलने के बाद हाथी बेहद खतरनाक हो गए हैं। हाथियों से संभावित खतरे को देखते हुए वन अमला नियमित रात में गजराज वाहन के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों का भ्रमण कर हाथियों के भ्रमण का जायजा ले रहे हैं।

### वन अमला कर रहा भ्रमण

सीमावर्ती जंगल में भ्रमण कर रहे नर हाथियों से सुरक्षा के लिए नियमित सीमावर्ती क्षेत्र का भ्रमण किया जा रहा है। ग्रामीणों को भी हाथियों से दूर रहने एवं सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। महिला की मौत सीमावर्ती कापू जंगल में हुई है।

\-फेंकू चौबे
वन परिक्षेत्राधिकारी, मैनपाट

घटना में उपयोग हुई एक इनोवा और एक सेल्टोस कार हुई जब्त

## स्टेट हाईवे में यातायात बाधित कर जन्मदिन मनाने मामले में फरार चल रहे दो और आरोपी हुए गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** अम्बिकापुर-बनारस अंतर्राज्यीय मार्ग पर सोनवाही स्थित आरव रेस्टोरेंट के सामने सड़क पर चारपहिया वाहन खड़ा कर जन्मदिन मनाने और आतिशबाजी कर यातायात बाधित करने के मामले में लटोरी पुलिस ने फरार चल रहे दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है,गौरतलब है कि गत दिनों 16 फरवरी की रात अमितेश गुप्ता व उसके साथियों द्वारा लोक मार्ग पर वाहन खड़े कर बर्थडे सेलिब्रेशन करते हुए आतिशबाजी की गई थी, जिससे स्टेट हाईवे पर काफी देर तक आवागमन प्रभावित हुआ था और एक एम्बुलेंस भी फंसी रह गई थी, उक्त मामले में लटोरी पुलिस ने धारा 285,126(2), 287,288 बीएनएस तथा मोटरयान अधिनियम की धारा



184,201 के तहत कार्रवाई करते हुए 20 फरवरी को सात आरोपियों कर्मशः अमितेश गुप्ता,अंशुल अग्रवाल, प्रथम अग्रवाल,शुभम अग्रवाल, महेश साहू,निखिल रामा एवं अरुण देवांगन को गिरफ्तार कर कोतवाली थाना से शहर में पैदल जुलूस निकालकर सूरजपुर न्यायालय पेश किया था,मामले में दो आरोपी अभिषेक और अनमोल फरार चल रहे थे,एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर फरार आरोपियों की तलाश तेज की गई। विवेचना के दौरान मिली सूचना के आधार पर लटोरी पुलिस ने अभिषेक गुप्ता पिता विजय गुप्ता, निवासी केनापारा बिश्रामपुर और अनमोल चौधरी पिता सुरेन्द्र चौधरी निवासी अम्बिकापुर को दबिश देकर पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक इनोवा एवं एक किया सेल्टोस कार जब्त की गई है,दोनों को गिरफ्तार कर बुधवार को सूरजपुर न्यायालय पेश किया गया है।

## खबर संक्षेप

### आंबा कार्यकर्ता व सहायिका के लिए आवेदन 5 मार्च तक

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कटघोरा अन्तर्गत के आंगनबाड़ी केन्द्र नवापारा क्र. 1(धवईपुर), खोडरी क्र. 2 एवं आंगनबाड़ी केन्द्र ढपढप क्र. 1 में आगंनबाड़ी कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी केन्द्र केसला, रलिया क्र. 3, रलिया क्र.2, ज्योतिषनगर (भिलाई बाजार), तेलसरा क्र. 3, हुंकरा, सोनपुरी एवं नगर पंचायत छुरीकला के वार्ड क्र. 10 एवं 11 के आंगनबाड़ी केन्द्र दुर्गाचौक में रिक्त आंगनबाड़ी सहायिका की पूर्ति हेतु आवेदन मंगाये गये थे। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना कटघोरा ने इस सम्बंध में बताया कि प्राप्त आवेदनों अनुसार प्रावधिक मूल्यांकन प्रत्रक जारी करते हुए कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना कटघोरा में सूची चस्पा किया गया है। इस सम्बंध में अभ्यर्थियों से 5 मार्च तक आवेदन मंगाया गया है। अभ्यर्थी निर्धारित अवधि तक कार्यालयीन समय मे परियोजना कार्यालय कटघोरा में दावा आपत्ति जमा कर सकते है। निर्धारित समयावधि पष्चात दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### जिले में बकरियों के कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा शुरू

**कोरबा।** जिले के पशुपालकों व बकरी पालकों के उन्नति, बेहतर रोजगार के साधन उपलब्ध कराने एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से उत्तरी छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में बकरियों में कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें ने बताया कि जिले के 15 संस्थाओं में नियुक्त पशु चिकित्सकों और ए.वी.एफ.ओ. को अंबिकापुर में 3 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण दिलाने के पश्चात अब मैदानी स्तर पर कार्य प्रारंभ किया गया है। इस योजना के तहत केंद्रीय वीरुजालय दुर्ग से प्राप्त जमुनापारी, बारबरी, ब्लैक बंगाल और सिरोही जैसी उन्नत नस्लों के बकरों के सीमेन का उपयोग किया जा रहा है। पूर्व में पाली विकासखंड में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर किए गए 55 कृत्रिम गर्भाधानों से 30 स्वस्थ मेमने प्राप्त हुए हैं, जिससे पशुपालकों में भारी उत्साह है। वर्तमान में जिले की 15 संस्थाओं में सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध करा दिए गए हैं और जल्द ही यह सुविधा सभी विकासखंडों में उपलब्ध होंगी। जिससे बकरी पालक किसानो को अधिकाधिक लाभ मिलेगा।

### जलाशयों के रखरखाव व नहरों की मरम्मत हेतु विधायक ने खोला मोर्चा

**कोरबा।** पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र के विधायक तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम ने क्षेत्र के जलाशयों के रखरखाव और नहरों की मरम्मत में हुई कथित अनियमितताओं को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। विधायक मरकाम ने वर्ष 2022 से जनवरी 2026 तक नया सुधार और विशेष सुधार मद के तहत स्वीकृत राशि का ब्योरा मांगा है। विधायक ने जोर देकर कहा कि स्थानीय जलाशय और नहरें किसानों की आजीविका का मुख्य आधार हैं। समय पर मरम्मत न होने के कारण नहरें जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, जिससे खेतों तक पानी नहीं पहुँच पा रहा है। इसका सीधा असर कृषि उत्पादन और किसानों की आर्थिक स्थिति पर पड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि जल उपभोक्ता संस्थाओं की जवाबदेही तय की जाए और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई हो।

### कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान

**कोरबा।** जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट परिसर में इस कार्यक्रम को विभिन्न परियोजनाओं से जुड़े अधिकारियों और सुपरवाइजर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में जिला अधिकारी बसंत मिज की भी उपस्थिति रही। साथ ही परियोजना से जुड़े अधिकारी मनोज अग्रवाल राजेंद्र सिंह सहित विभाग के अधिकारी ने योजनाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओ को महिला और बाल कल्याण योजना के प्रभावी क्रियावयन पोषण सेवाओं की गुणवत्ता और क्षेत्र में बेहतर कार्य प्रणाली को लेकर मार्गदर्शन दिया गया।

## निधन

### उमाशंकर सेठ



**कोरबा।** अतिरिक्त मुख्य अभियंता से सेवानिवृत्त उमाशंकर सेठ का मंगलवार को निधन हो गया है। उनक अंतिम दर्री स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे पुत्र दिलीप सेठ सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गये। इस दौरान बड़ी संख्या में परिवार परिजन सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### हेमलाल महंत



**बाँकीमोंगरा।** क्षेत्र के योगाचार्य केडी महंत के मौसा व रामबिलास महंत के चाचा हेमलाल महंत का मंगलवार को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार रोते बिलखते छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम धुरकोट जिला जांजगीर में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में परिवार परिजन सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

# नया बस स्टैंड में चालकों के बीच पहुंची यातायात पुलिस, किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को कैसे कम किया जा सके इस दिशा पर लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में पुलिस सड़कों पर उतरकर काम कर रही है। बुधवार को यातायात पुलिस व पीजी कॉलेज के छात्र-छात्राएं नया बस स्टैंड पहुंचे और चालकों के बीच पहुंचकर चालकों को यातायात नियम का पाठ पढ़ाया और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से चालकों को समझाइश दी गई कि सड़क पर चलने के दौरान किन-किन बातों को ध्यान रखना है। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, पुलिस अधीक्षक लखन लाल पटले के निर्देश पर यातायात पुलिस और पीजी कॉलेज के छात्र-छात्राएं नया बस स्टैंड पहुंचे और वहां बड़ी संख्या में उपस्थित चालकों को एकत्रित कर उन्हें पंपलेट दिया गया। अभियान के तहत सड़कों पर चलने के दौरान किन-किन बातों का ध्यान रखना है। गाड़ी चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट लगाना जैसी बातों को बताया गया। इसके अलावा पीजी कॉलेज से पहुंचे छात्र-छात्राओं के द्वारा नुक्कड़ नाटक भी किया गया। पुलिस द्वारा इसके अलावा स्कूल व कॉलेजों में विशेष अभियान चला रहा है। छात्रों को भी इसकी जानकारी दी जा रही है साथ ही जो बच्चे मोटर साइकिल से स्कूल पहुंचते हैं उन्हें समझाईश दी जा रही है और बीच बीच में स्कूल में पहुंचकर यातायात पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई भी करती है।

अलग खबर

### पीजी कॉलेज के छात्रों ने किया नुक्कड़ नाटक

**खास बातें**

- स्कूल कॉलेजों में भी पहुच रही है पुलिस, नाबालिगों के खिलाफ भी हो रही कार्यवाही



## जिला स्तरीय प्रशिक्षण को कलेक्टर ने किया संबोधित

# जनगणना के कार्य को समय-सीमा में पूरा कराना हम सभी की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिए जिले में जिला स्तरीय प्रशिक्षण का शुभारंभ हो गया। प्रारंभिक सत्र को कलेक्टर ने संबोधित किया। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी अधिकारियों से कहा कि जनगणना अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, इसलिए इसे गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ सटीक जानकारी के आधार पर समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए।

**खास बात**

- जनगणना निदेशालय के राष्ट्रीय प्रशिक्षक ने दिया प्रशिक्षण

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि जनगणना कार्य से जुड़े सभी दिशा-निर्देश लिखित रूप में उपलब्ध हैं और प्रशिक्षण के दौरान चरणबद्ध तरीके से पूरी जानकारी दी जा रही है। जनगणना 2027 को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के लिए प्रशिक्षण, डेटा संग्रहण और कलेक्शन सहित सभी प्रक्रियाओं के लिए तय समय-सीमा का पालन अनिवार्य है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जितना बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त होगा, फील्ड में कार्य उतना ही सहज और प्रभावी होगा। सभी से टीमवर्क के साथ कार्य करने और हर घर तक पहुँचकर सही एवं सटीक जानकारी दर्ज करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने अधिकारियों को राष्ट्रीय प्रशिक्षक द्वारा दी जा रही जानकारी को गंभीरता से समझने पर जोर देते हुए कहा कि जनगणना के दौरान ऐप में जानकारी सही प्रविष्ट हो तथा फील्ड में सरपंच, सचिवों और ग्रामीणों तक यह जानकारी जरूर पहुँचे कि जनगणना से जुटाई गई जानकारी का किसी योजना की पात्रतादृअपात्रता से कोई लेना-देना नहीं है। इससे किसी की पात्रता निर्धारण नहीं होगा। जनगणना के दौरान संग्रहित किसी के व्यक्तिगत डेटा को बाहर किसी और को साझा भी नहीं किया जा सकता। जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग ने भी सभी से आग्रह किया कि प्रशिक्षण में दी जा रही प्रत्येक जानकारी को ध्यानपूर्वक ग्रहण कर फील्ड में दक्षता के साथ लागू करें। उन्होंने यह भी बताया कि जनगणना 2027 के दौरान अधिकृत वेबसाइट पर क्षेत्रवार प्रगणकों की जानकारी-पता एवं मोबाइल नंबर सहित-उपलब्ध होगी। साथ ही एआई चैटबॉट के माध्यम से नागरिक अपनी शंकाओं का समाधान भी प्राप्त कर सकेंगे। छत्तीसगढ़ में प्रथम चरण की जनगणना 1 मई से 30 मई तक संचालित होगी, जिस दौरान मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की जाएगी। संपूर्ण प्रक्रिया 28 फरवरी 2027 तक पूर्ण की जाएगी। राष्ट्रीय प्रशिक्षक ने फील्ड पर जानकारी एकत्र करने, इस दौरान आने वाली समस्याओं एवं उनके समाधान के विषय में भी जानकारी दी। उन्होंने जनगणना के दौरान मकान की गणना के लिए निर्धारित मापदंड, परिवार की परिभाषा, जनगणना के फायदे, मकानों में नम्बरिंग, चार्ज अधिकारियों के अधिकार व दायित्वों के बारे में बताया। जनगणना में मानव संसाधन के रूप में प्रगणक 2353, रिज़र्व 246, पर्यवेक्षक 402 तथा रिज़र्व 52, फील्ड ट्रेनर 53 की आवश्यकता होगी।




प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित प्रशासनिक अधिकारी।

## आश्वासन से मुकरा प्रबंधन, अन्याय के खिलाफ आर-पार की होगी जंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नरईबोध और मनगाँव के ग्रामीणों का धैर्य अब जवाब दे गया है कोयला खनन के कारण विस्थापित और प्रभावित हुए ग्रामीणों ने प्रबंधन की वादाखिलाफी के विरोध में 27 फरवरी 2026 से गेवरा खदान और पी.एन.सी. कंपनी के कार्य को अनिश्चितकालीन बंद करने का बड़ा ऐलान किया है ।

**खास बात**

- 27 फरवरी को ग्रामीण करेंगे खदान ठप

ग्रामीणों का आरोप है कि पी.एन.सी. कंपनी के कर्मचारियों द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के उनके पूर्वजों के मठों (धार्मिक स्थलों) को खोदकर फेंक दिया गया जिससे उनकी धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है इसके अलावा जमीन अधिग्रहण के बदले मिलने वाले वैकल्पिक रोजगार और उचित मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीण लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं । उल्लेखनीय है कि पूर्व में 10 फरवरी को ग्रामीणों ने खदान बंद करने की चेतावनी दी थी उस दौरान 9 फरवरी को गेवरा प्रबंधन पी.एन.सी. कंपनी और ग्रामीणों के बीच एक उच्चस्तरीय बैठक हुई थी बैठक में प्रबंधन ने लिखित आश्वासन दिया था कि एक सप्ताह के भीतर पात्र ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा और मठों के मुआवजे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी । लिखित आश्वासन दिए हुए लगभग दो सप्ताह से अधिक का समय बीत चुका है लेकिन प्रबंधन ने अभी तक एक भी कदम नहीं उठाया है यह न केवल हमारे साथ धोखा है बल्कि एसईसीएल की तानाशाही को दर्शाता है। प्रबंधन के इस उदासीन रवैये से आक्रोशित होकर सैकड़ों ग्रामीणों ने अब आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, एसडीएम और तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर सूचित कर दिया है कि यदि जल्द मांगें पूरी नहीं हुईं तो 27 फरवरी से गेवरा खदान में उत्पादन और परिवहन पूरी तरह ठप्प कर दिया जाएगा इसकी समस्त जिम्मेदारी एसईसीएल प्रबंधन की होगी ।

# भगवान अपने भक्तों के संकट में जरुर पहुंचते हैं : श्याम



कथा श्रवण करते श्रोतागण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



कथा वाचक

भगवान अपने भक्तों के संकट, दुःख में जरुर पहुंचते हैं, जब भक्त प्रहलाद ने पत्थर के खंभे में आने श्री हरि को पुकारा तो श्री हरि नरसिंह अवतार लेकर खंभे में प्रकट हुए इसी तरह श्रीराम माता सीता की खोज में निकले थे तो अहिल्या पत्थर रुप में मिली। जिसे प्रभू श्रीराम ने अपने चरण स्पर्श कर उन्हें बन्धन से मुक्त किया कहने का तात्पर्य यह है कि,भक्त जब-जब संकट, दुःख में रहे, अपने प्रभु को याद किया तब-तब प्रभु अपने भक्तों की रक्षा के लिए पहुंचे उक्त कथा श्रवण भागवताचार्य श्याम कुंज पांडेय ने हरदीबाजार मेला मैदान में आयोजित पंच कुंडली मानस यज्ञ एव श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ में कहीं यह आयोजन 19 फरवरी को कलश शोभायात्रा से आरंभ हुआ जो 28 फरवरी को पूर्णाहुति, चढ़ोत्तरी, सहस्त्र धारा प्रसाद वितरण के साथ विश्राम होगा। वहीं यज्ञ कार्यक्रम प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 12 बजे तक एवं श्री राम कथा दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। इस धार्मिक आयोजन में कथा श्रवण करने महिला पुरुष बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। प्रतिदिन सुबह से पंचकुंडीय यज्ञ में यजमान मंत्रोच्चारण के साथ हवनकर वातावरण को शुद्ध व सुगंधित कर रहे हैं। आचार्य पंडित लेखराम पांडेय ने बताया कि हरदीबाजार, सराई सिंगार व रेंकी के ग्रामवासियों के सहयोग से क्षेत्र की सुख शांति समृद्धि के लिए यह धार्मिक आयोजन किया जा रहा है।

# 1 एवं 4 में चला मेगा स्वच्छता ड्राइव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिक निगम द्वारा वार्ड एवं बस्तियों की सम्पूर्ण रूप से सफाई किये जाने के मद्देनजर 25 फरवरी से निगम क्षेत्र में स्वच्छता का महाअभियान प्रारंभ किया गया, अभियान के प्रथम दिन आज वार्ड क्र.1 रामसागरपारा एवं वार्ड क्र. 4 राताखार में मेगा स्वच्छता ड्राईव चलाई गई। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय इन वार्डो में पहुंचे तथा गली-गली, बस्ती-बस्ती पैदल भ्रमण कर वृहद पैमाने पर किये जा रहे साफ-सफाई कार्यो का सघन निरीक्षण किया। उन्होने बस्ती की गलियों, नालियों आदि की सम्पूर्ण सफाई किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये, साथ ही वहाँ के रहवासियों से अपील की कि वे सड़क, नाली आदि में कचरा न डालें, घर से निकले कचरे को स्वच्छता दीदियों के रिक्शें में ही दें।

**खास बात**

- महापौर व आयुक्त पैदल भ्रमण कर जाना सफाई कार्यों का हाल

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आज से कोरबा में स्वच्छता का महा अभियान प्रारंभ किया गया तथा निर्धारित कार्यक्रमानुसार वार्ड व बस्तियों में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित की गई। प्रथम दिन वार्ड क्र. 1 रामसागरपारा तथा वार्ड क्र. 4 राताखार के अंतर्गत आने वाली विभिन्न बस्तियों, मोहल्लों, मुख्य व संपर्क सड़कों, नालियों में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित कर नाले एवं नालियों के ऊपर से स्लेब हटाकर उनकी सतह से सफाई, सड़क के किनारे जमी हुई धूल, मिट्टी, बर्म, झाड़ियों की सफाई, कचरे का त्वरित उठाव व परिवहन, कीटनाशक दवाओं, ब्लीचिंग पाउण्डर का छिड़काव आदि के कार्य व्यापक पैमाने पर किये गये। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने उक्त दोनों वार्डो की विभिन्न बस्तियों व मोहल्लों में पैदल भ्रमण करते साफ-सफाई कार्यो का निरीक्षण किया तथा मेगा स्वच्छता ड्राईव के सफल संचालन एवं अभियान के बेहतर परिणाम प्राप्त करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिये।



वार्ड का निरीक्षण करते महापौर व आयुक्त।

### बस्तीवासियों से डोर-टू-डोर संपर्क

महापौर श्रीमती राजपूत एवं आयुक्त श्री पाण्डेय ने भ्रमण के दौरान विभिन्न बस्तियों में वहाॅ के रहवासियों से डोर-टू-डोर संपर्क किया, उनसे निगम द्वारा नियमित रूप से कराये जा रहे डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण व निगम के साफ-सफाई कार्यो की सघन रूप से जानकारी ली। सड़क, नाली, स्ट्रीट लाईट, पेयजल आदि से जुड़ी व्यवस्थाओं पर उनसे चर्चा की, उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा तत्काल निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिये। इस दौरान उन्होने लोगों से पूछा कि उनकी गली व घर में कचरा लेने के लिये रिक्शा प्रतिदिन आता है या नहीं, उनके घरों में डस्टबिन है या नहीं तथा वार्ड, बस्तियों में नियमित सफाई के कार्य होते हैं या नहीं, जिनका सकारात्मक जवाब बस्तीवासियों द्वारा दिया गया।

# दर्शन होंगे लायंस क्लब गुरूकुल के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



लायंस क्लब गुरुकुल के पदाधिकारी।

लायंस क्लब गुरूकुल के सामान्य सभा में आगामी सत्र हेतु नई कार्यकारिणी के निर्धारण पर चर्चा की गई। जिस पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी सत्र हेतु क्लब अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष के लिए क्रमशः लायन दर्शन अग्रवाल, लायन सुरेन्द्र कुमार डनसेना एवं लायन शोमा सोनी को मनोनित किया जाए। साथ ही क्लब प्रथम उपाध्यक्ष हेतु लायन पार्वती दास, द्वितीय उपाध्यक्ष हेतु लायन सुभाष चंद अनंत, सह सचिव लायन अतुल साहू, टेल ट्विस्टर लायन ज्योति साहू, टेमर लायन मधुपाल, पी.आर.ओ. लायन मनोज गुप्ता, मेम्बरशीप चेयरपर्सन लायन प्रेमलता अग्रवाल, सर्विस चेयरपर्सन लायन आशीष अग्रवाल, एलसीआईएफ चेयरपर्सन एमजेएफ लायन पवन अग्रवाल रहेगे। साथ ही क्लब संचालक सदस्य के रूप में लायन नूतन राजवाड़े, लायन विकास अग्रवाल, लायन प्रीति अग्रवाल, लायन ओमप्रकाश अग्रवाल जी रहेगें। क्लब मार्गदर्शक के रूप में पूर्व प्रान्तपाल पीएमजेएफ लायन डॉ.राजकुमार अग्रवाल अपनी सेवाएं देगें। पीएमजेएफ लायन डॉ.राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि लायनवादी परंपरानुसार सभी सदस्यो के आपसी चर्चा पर क्लब के आगामी नेतृत्वकर्ता का चयन किया जाता है ताकि आगामी सत्र हेतु नई टीम पूर्व ही अपनी सेवा गतिविधियो की सूची बनाते हुये सेवा कार्यों की रूपरेखा का निर्धारण कर मानव सेवा में अपना योगदान दे सके।

# पुराने बस स्टैण्ड में अग्रवाल सभा का होगा होली दहन

**कोरबा।** अग्रवाल सभा के द्वारा विगत दिनों अग्रसेन भवन कोरबा में बैठक का अयोजन किया गया जिसमें होली दहन, होली मिलन व आगामी सामान्य सभा की बैठक अयोजन करने के निर्णय लिये गये। इस अवसर अग्रवाल सभा अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में लिए गये निर्णय में पुराने बस स्टैण्ड कोरबा में पारंपरिक तारीके से होली दहन 2 मार्च को रात्रि 1.35 मिनट पर किया जायेगा। इसके साथ ही 4 मार्च को अग्रवाल सभा के द्वारा होली मिलन का कार्यक्रम अयोजित होगा। इसके साथ ही आगमी आने वाले दिनों में अग्रवाल सभा के द्वारा सामान्य सभा का अयोजन किया जायेगा । बैठक के दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय भी जिये गये।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

न्यायालय नायब तहसीलदार दीपका
जिला-कोरबा (छत्तीसगढ़)

**-:: ईश्तहार ::-**

रा०प्र०कं०. ..
शीर्ष :- अ-27/2025-26
ग्राम-दर्री प०ह०न0-53
तहसील-दीपका जिला-कोरबा (छ०ग०)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक मोहितराम पिता स्व० मसतराम जाति यादव निवासी दर्री छुईहापारा तहसील-दीपका जिला-कोरबा ने ग्राम दर्री स्थित भूमि ख०न० 623/1, 708/1, 863/1, 892/2, 894/2, 924/2, 934, 946/2, 952, 959/1 रकबा 0.121, 0.061, 0.170, 0.036, 0.089, 0.081, 0.057, 0.040, 0.061, 0.056 हे० भूमि का खाता विभाजन किये जाने आवेदन छ०ग० भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 के तहत प्रस्तुत किया है।

उक्त बंटवारे के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 27/02/26 तक स्वयं या अपने विधिक प्रतिनिधी के माध्यम से जो कुछ भी हो प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथी के बाद प्राप्त आक्षेप प्राप्त किसी प्रकार से कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/02/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय का मुहर लगाकर जारी किया जाता है।

**नायब तहसीलदार**
दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### एक माह से खराब है हैंडपंप, छात्र हो रहे परेशान

**चैतमा।** एक माह से अधिक दिनों से बंद पड़े हैंडपंप को बनवाने की सुध किसी ने नहीं ली। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पाली विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बारीउमराव में स्थित प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला में पानी की व्यवस्था के लिए संबंधित विभाग द्वारा सोलर पैनल से संचालित सबमर्सिबल पंप लगाया गया था। जिससे स्कूली बच्चों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े किंतु संबंधित विभाग द्वारा लगाया गया सोलर पैनल एक माह से अधिक समय से बंद पड़ा हुआ है इसके लिए स्कूल के शिक्षकों एवं ग्राम पंचायत द्वारा संबंधित विभाग को कई बार अवगत कराया गया। किंतु किसी ने इस और ध्यान देना मुनासिब नहीं समझा जिससे स्कूल में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को मध्यान भोजन के पश्चात पानी पीने के लिए सड़क पार कर पानी पीने एवं थाली धोने जाना पड़ता है। उक्त सोलर पैनल तीन चार वर्ष पूर्व क्रेडा विभाग द्वारा लगाया गया था। इस संबंध में सरपंच जयपाल सिंह से पूछने पर उन्होंने बताया उसका मोटर खराब हो गया है जिसे निकलवाने के लिए मेरे द्वारा मैकेनिक को बुलाया गया था किंतु वह निकल पाने में असमर्थ रहा सोलर पैनल संचालित मोटर का खर्च अधिक होने के कारण मैं असमर्थ हूं। संबंधित विभाग से चालू कराने की मांग की है।

### भावदीप बने शिक्षक संघ के संभाग अध्यक्ष



**कोरबा।** भावदीप दुबे को शिक्षक संघ बिलासपुर संभाग अध्यक्ष बनाया गया है। शिक्षकों का कहना है कि उनके नेतृत्व में संगठन कर्मचारियों एवं शिक्षकों के हितों को और मजबूती से आगे बढ़ाएगा। शिक्षक संघ ने उम्मीद जताई है कि कैशलेस चिकित्सा सुविधा की तरह भविष्य में शिक्षकों की अन्य लंबित मांगों पर भी शासन सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।

### बरपाली में हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**भैसमा।** जिले के ग्राम पंचायत बरपाली में चांपा मसीह अस्पताल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें शिविर आये ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच किया गया। शिविर का संचालन अस्पताल के मैनेजिंग डायरेक्टर जोन विल्स के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में फील्ड प्रोग्राम ऑफिसर जौनिफर मनी, डॉ. यार्गेन जैकब एवं डॉ. निया श्याम सहित उनकी टीम ने सक्रिय भागीदारी निभाई। शिविर में टीम सदस्य अनुप, राजेश, चंद्रपाल, संजुक्ता बाघ, सारा एवं अर्पण सोना ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं। इस अवसर पर लगभग 150 मरीजों का निःशुल्क उपचार किया गया तथा सभी को मुफ्त दवाइयाँ वितरित की गईं। ग्राम पंचायत बरपाली, सरपंच भुनेश्वर का इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में विशेष सहयोग रहा। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि भविष्य में भी इसी प्रकार समाज सेवा के कार्य जारी रहेंगे। साथ ही अब अस्पताल में सोनोग्राफी एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ (गायनेकोलॉजिस्ट) की सुविधा भी उपलब्ध हो गई है, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ मिल सकेंगी।

# उरगा में कोरबा पावर ने 500 मीटर सीसी रोड निर्माण का किया भूमिपूजन

## क्षेत्र में अधोसंरचना विकास के लिए हो रहा तेजी से कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बातें**
- आडानी फाउंडेशन लगातार बुनियादी ढांचों को कर रहा मजबूत
- आवागमन होगा आसान



अलग खबर

जिले के ग्राम पंचायत उरगा में बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में अदाणी फाउंडेशन ने एक और महत्वपूर्ण पहल की है। कोरबा पॉवर लिमिटेड के सामाजिक सहभागिता के मद से 500 मीटर लंबी सीमेंट कान्क्रीट (सीसी) सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन बुधवार को संपन्न हुआ। इस सड़क के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में हो रही समस्याओं से राहत मिलने की उम्मीद है। विशेष रूप से बरसात के दौरान कीचड़ और जलभराव की परेशानी से निजात मिलेगी, जिससे ग्रामीणों की दैनिक गतिविधियां सुगम हो सकेंगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में ग्राम पंचायत उरगा की सरपंच श्रीमती ललिता समेलाल, उपसरपंच सनत दिवाकर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामचंद्र पाटले एवं चंद्रकांता कृष्णा राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि इसी क्रम में बीते सप्ताह ग्राम कटबीतला में भी सामुदायिक मंच के लिए भूमि पूजन किया गया है। जिसमें सरपंच कविता अंचला कंवर, विजय कुँवर, संतकुमार राजवाड़े सहित पंचगण एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही।अदाणी पावर द्वारा कोरबा क्षेत्र के पताड़ी, सरगबुंदिया, ढनढनी, पहंदा, कटबीतला, खोद्दल सहित आसपास के 14 गांव में शिक्षा,स्वास्थ्य, अधोसंरचना विकास इत्यादि के कार्य संचालित कर रहा है। जिसमें कम्युनिटी फर्स्ट की थीम के तहत समय-समय पर अपने संचालन क्षेत्रों में आधारभूत संरचना एवं सामुदायिक विकास के कार्य करती रही है व भविष्य में भी सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में सहयोग जारी रखेंगे। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की शुरुआत पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि पक्की सड़क बनने से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों में पंच जीवन दास, रामलाल जगत, श्याम कार्तिक, सुभाष डहरिया, दिनेश अग्रवाल, धनेश्वर दास महंत, अनुसूईया कंवर एवं वचन बाई शामिल रहे। अडानी पावर के सीएसआर विभाग से पवन महतो, प्रीति प्रजापति, स्वप्निल कुमार और सुमित साहू मौजूद थे। इसके अलावा ग्राम सचिव भरत श्रीवास, करारोपण अधिकारी चतुरानंद तथा ग्रामवासी चंदन सिंह, हरिनाम सिंह, मेलाराम दिवाकर, विष्णु केवट, अंगत कंवर और रमेश कंवर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## टू लेन की वजह से आमने सामने भिंड़त होती है वाहनों की

# कटघोरा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग को टू लेन से फोर लेन करने तैयार किया जा रहा डीपीआर



एनएचआई द्वारा सड़क में किया जा रहा सुधार कार्य।



कटघोरा-अंबिकापुर में लगा सोलर लाईट।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग जिसे टू लेन के नाम से जाना जाता है। मार्ग के बीचो बीच डिवाईडर नहीं होने की वजह से इस मार्ग में ज्यादातर आमने सामने की भिंड़त होती है और लगातार बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की वजह से लोगों की मौतें हो रही है। इस मार्ग को टू लेन से फोर लेन की सड़क बनाने की दिशा पर एनएचआई ने पहल शुरु कर दी है इसके लिए एनएचआई ने फोरलेन के लिए डीपीआर तैयार करना शुरू कर दिया है। आने वाले कुछ वर्षों में यदि इसकी स्वीकृति मिलती है तो निश्चित तौर पर यह 2 लेन से फोरलेन सड़क बन जाएगा और मार्ग में होने वाले हादसों का ग्राफ कम हो जाएगा।

उल्लेखनीय है कि कटघोरा अंबिकापुर मार्ग जिसकी दूरी लगभग 133 किलोमीटर है। इस मार्ग में कटघोरा से मोरगा थाना के बीच सबसे ज्यादा ब्लैक स्पॉट है और इसी मार्ग में सबसे ज्यादा हादसे होते हैं और हादसे भीषण होते हैं और आमने-सामने की टक्कर होती है क्योंकि इस मार्ग में बीचो बीच डिवाईडर नहीं है। यह मार्ग को टू लेन तैयार किया गया है जिसकी वजह से इस मार्ग में भीषण हादसे होते हैं। लगातार बढ़ते हादसे से पिछले 20 दिनों के भीतर इस सड़क में सात लोगों की मौत हो चुकी है। लगातार बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं से जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन चिंतित है। वहीं इस मार्ग में सड़क हादसों पर कैसे विराम लगाया जा सके इसपर चर्चा हो रही है। जब तक इस मार्ग को टू लेन से फोर लेन नहीं किया जाएगा तब तक समाधान नजर नहीं आ रहा है। निश्चित तौर पर अब एनएचआई ने इस मार्ग को लेकर चिंता जाहिर की है और इस मार्ग को टू लेन से फोर लेन में तब्दील करने की दिशा में तैयारी शुरु कर दी है। बताया जाता है कि एनएचआई ने इस सड़क को फोर लेन बनाने के लिए डीपीआर तैयार करना शुरू कर दिया है जिसके बाद डीसीआर तैयार कर इसे मुख्यालय भेजा जाएगा और जहां से स्वीकृति मिलती है जिसके बाद स्वीकृति के बाद ही फोरलेन सड़क निर्माण का काम किया जाएगा। निश्चित तौर पर यदि यह सड़क टू लेन से फोर लेन बन जाता है तो हादसों का ग्राफ खाफी कम हो जाएगा।

### ब्लैक स्पॉट की पहचान करने में जुटा विभाग

कटघोरा से अंबिकापुर के बीच बने टू लेन सड़क के बीच ऐसे कई ब्लैक स्पॉट है जहां ज्यादातर हादसे होते हैं फिलहाल पिछले कुछ दिनों में मोरगा चौकी क्षेत्र के केंदई के समीप लगातार हादसे हो रहे हैं दो हादसे उसी स्थल पर हुए हैं जहां कुल चार लोगों की मौत हुई है और दो गंभीर रुप से घायल है। इन हादसों पर कैसे लगाम लगाया जा सके इसके लिए एनएचआई प्रबंधन ने पहल शुरू कर दी है। बताया जाता है कि शॉर्ट टर्म में इन सड़कों में क्या सुधार किया जा सकता है। इस दिशा पर विभाग ने पहल शुरू कर दी है।

### तैयार किया जा रहा डीपीआर

कटघोरा अंबिकापुर मार्ग को टू लेन से फोर लेन बनाने के लिए डीपीआर तैयार किया जा रहा है। जिसे स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। जहां से स्वीकृति मिलने के बाद काम होगा। फिलहाल हादसों को रोकने के लिए ब्लैक स्पॉट की पहचान कर शार्ट टर्म में सुरक्षा के उपाय किये जा रहे हैं ताकि हादसों को रोका जा सके।

**-मुकेश कुमार,** परियोजना निदेशक, एनएचआई बिलासपुर

# प्रस्तावित कोल खनन के खिलाफ ग्रामीणों ने भरी हुंकार



बैठक में उपस्थित ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के पसान क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जल्के में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की महापंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम क्षेत्रीय विधायक एवं तुलेश्वर सिंह मरकाम के निर्देश तथा जिला पंचायत सदस्य एवं जिलाध्यक्ष विदवान सिंह मरकाम के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। महापंचायत में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर क्षेत्रीय समस्याओं और प्रस्तावित कोल खनन परियोजना पर खुलकर अपनी बात रखी।

बैठक के दौरान संभावित खनन कार्य को लेकर ग्रामीणों ने विरोध दर्ज कराया। उपस्थित जनसमुदाय ने स्पष्ट कहा कि किसी भी कीमत पर उनकी जमीन और जल-जंगल को नुकसान पहुंचाने वाली परियोजना स्वीकार नहीं की जाएगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि खनन प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया तो वे विरोध प्रदर्शन से लेकर अनिश्चितकालीन धरना तक का रास्ता अपनाने को बाध्य होंगे। उल्लेखनीय है कि ग्राम जल्के के समीप स्थित बीजाड़ांड़ क्षेत्र में प्रस्तावित रूंगटा कोल ब्लॉक आबंटन के विरोध में ग्रामीण पिछले एक माह से अधिक समय से अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं। महापंचायत में उपस्थित लोगों ने इस आंदोलन को अपना समर्थन देते हुए कहा कि पूरे क्षेत्र के ग्रामीण एकजुट हैं और किसी भी सूरत में कोल कंपनी को कार्य प्रारंभ नहीं करने दिया जाएगा। महापंचायत में गोंगपा युवा मोर्चा जिला संगठन मंत्री विनोद कुमार आरमो, ब्लॉक उपाध्यक्ष मुकेश पोया, मनोज कुमार मरावी, भुवनपाल सिंह पेन्द्रो, धरमपाल सिंह मरकाम, शिवकुमार श्याम, मंगल सिंह ओलाड़ी, सुखनंदन सिंह पुहुप, नरेंद्र राज, रामभरोष आयम, बुधराम मसराम, गणेश उईके, रघुनाथ मसराम, कौशिक पुलस्त, विजय पुहुप, राहुल कुरूम, शंकर ओलाड़ी, संतोष मसराम, रामप्रसाद पंडो, परमेश्वरी पंडो, दिलकुंवर पंडो, राजेन्द्र कमरो सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। महापंचायत के माध्यम से ग्रामीणों ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि क्षेत्र में खनन को लेकर विरोध अब व्यापक जनआंदोलन का रूप ले सकता है।

# खेल, शैक्षणिक माहौल को बेहतर और सुंदर शहर की दिशा पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर एवं अन्य।

कलेक्टर ने शहर को सुव्यवस्थित और आधुनिक बनाने के साथ ही खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने पीजी कॉलेज मैदान, इंदिरा स्टेडियम, यूपीएससी-पीएससी सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु प्रस्तावित नालंदा परिसर, तालाब का सौंदर्यीकरण, शहरवासियों के मनोरंजन हेतु मानिकपुर पोखरी का कायाकल्प, स्वच्छ पर्यावरण हेतु ऑक्सीजोन विकसित करने की दिशा में पहल करते हुए नगर निगम द्वारा संचालित विकास एवं अधोसंरचना संबंधी विभिन्न कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने महत्वपूर्ण स्थलों पर पहुंचकर प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य गुणवत्ता, पारदर्शिता और समय-सीमा के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए। श्री दुदावत ने शहर स्थित पीजी कॉलेज के खेल मैदान का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु एथलेटिक रनिंग ट्रैक, लघु इनडोर स्टेडियम तथा इनडोर कबड्डी कोर्ट विकसित करने के निर्देश दिए। कहा कि खेल अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने का बेहतर अवसर मिलेगा। सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में एवं गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाएं, यह सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। पोड़ीबहार स्थित विकसित ऑक्सीजोन का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने वहां उपलब्ध पाथ-वे एवं अन्य सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को एमओयू के अनुरूप सुचारू संचालन सुनिश्चित करने तथा रख-रखाव की नियमित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं स्वास्थ्यवर्धक वातावरण मिल सके। कलेक्टर ने मानिकपुर स्थित पोखरी का निरीक्षण कर इसके समग्र विकास एवं सौंदर्यीकरण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने एसईसीएल को विस्तृत कार्ययोजना एवं प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मुड़ापार तालाब के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने इसके समुचित विकास के लिए पब्लिक-प्राइवेट-पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के तहत संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टेडियम तथा राजीव गांधी ऑडिटोरियम के संपूर्ण नवीनीकरण (रेनोवेशन) के निर्देश दिए, ताकि इसे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा सके।

# होली को लेकर शांति समिति की बैठक

**बांकीमोंगरा।** आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने के उद्देश्य से थाना बांकी मोंगरा परिसर में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, व्यापारी संघ के सदस्य एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान होली त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने, आपसी भाईचारा कायम रखने तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहने की अपील की गई। थाना प्रभारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि डीजे, जुलूस एवं सार्वजनिक कार्यक्रम निर्धारित समय सीमा के भीतर ही आयोजित किए जाएं तथा ध्वनि प्रदूषण संबंधी नियमों का कड़ाई से पालन किया जाए। इसके साथ ही संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने, सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट पर निगरानी रखने कहा गया।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कानों की रिशेपिंग

जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े कानों की रिशेपिंग
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# यादव जी की लव स्टोरी फिल्म पर प्रतिबंध की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**
- यादव समाज ने कलेक्टर को पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



ज्ञापन सौंपते समाज के पदाधिकारी।

जिले में प्रस्तावित फिल्म यादव जी की लव स्टोरी को लेकर यादव समाज में गहरा आक्रोश देखा जा रहा है। सर्व यादव समाज जिला कोरबा के पदाधिकारियों एवं समाज के लोगों ने फिल्म के विरोध में ज्ञापन सौंपते हुए इसके प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग करी हैं।

जानकारी के अनुसार समाज के कार्यवाहक अध्यक्ष चंद्रमणी यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर के माध्यम से देश के महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, फिल्म विकास निगम के अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री तथा श्रम एवं सहकारिता मंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि फिल्म निर्माता अंकित भजन और संदीप तोमर द्वारा 27 फरवरी को यादव जी की लव स्टोरी नाम से फिल्म रिलीज की जा रही है, जिसमें एक यादव लड़की और मुस्लिम लड़के के काल्पनिक प्रेम प्रसंग को दर्शाया गया है। समाज का आरोप है कि फिल्म का शीर्षक और कथानक यादव समाज की बेटियों की गरिमा और सामाजिक सम्मान के प्रतिकूल है। प्रतिनिधियों का कहना है कि इस प्रकार की प्रस्तुति से समाज की भावनाएं आहत हो रही हैं और व्यापक स्तर पर असंतोष व्याप्त है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते फिल्म पर रोक नहीं लगाई गई तो समाज आंदोलनात्मक कदम उठाने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से मांग की गई है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए फिल्म के प्रदर्शन से पूर्व इसकी समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही की जाए। यादव समाज ने स्पष्ट किया है कि उनका उद्देश्य सामाजिक सद्भाव बनाए रखना है किंतु किसी भी स्थिति में समाज की प्रतिष्ठा से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

स्वामी जी 93406-38884

केदारनाथ में घोड़े खच्चर, पालकी व हेलीकॉप्टर की सुविधा दिलवाने में मदद करेंगे।
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
हरिद्वार, ऋषिकेश, गंगोत्री यमुनोत्री, बद्रीनाथ, केदारनाथ
यात्रा दिनांक: 18 अप्रैल 2026, 02 मई 2026, 18 मई 2026, 02 जून 2026
15 दिन की यात्रा
राशि स्लीपर ₹24,500/- ऑफर ₹22,500/- 3AC ₹32,500/- ऑफर ₹29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866, 8275757579
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com

20 वर्षो से
चांपा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 12 मार्च से 22 मार्च 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411